Title: Need to operationalise the newly set up telephone exchanges in Mandsaur, Neemach and Ratlam districts in Madhya Pradesh. − Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पांडेय (मंदसौर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर, नीमच तथा रतलाम जिलों के कई स्थानों पर दूरसंचार के नये भवन बनकर तैयार हैं। लेकिन कुछ सामान्य से उपकरणों के अभाव में उन नये भवनों में एक्सचेंज प्रारंभ नहीं किये जा रहे हैं। जब इन नये भवनों के एक्सचेंजों के दायरे में आने वाले आसपास के ग्रामवासियों द्वारा दो-दो, तीन-तीन र्वा पूर्व ही टेलीफोन कनेक्शन हेतु नियमानुसार आवश्यक धनराशि जमा करवा रखी है, किंतु उनको टेलीफोन कनेक्शन प्राप्त नहीं हुए हैं। इसी प्रकार से सामान्य उपकरणों के अभाव में जावरा, भानपुरा, जावद, रामपुरा आदि नगरों में मोबाइल सेवा प्रारंभ नहीं की जा सकी है। जबकि इन सेवाओं के प्रारंभ किए जाने के बारे में औपचारिक रूप से कई बार घोाणा की जा चुकी है। दूर संचार सेवाओं को इस प्रकार से विलंबित किए जाने और पैसा जमा कराये जाने के बावजूद कनैक्शन प्राप्त नहीं होने के कारण जनसाधारण को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। क्योंकि इन क्षेत्रों में कई स्थान ऐसे भी हैं जो अपराध प्रवृत्ति के कुछ व्यक्तियों से प्रभावित हैं। इस बारे में अधिकारियों का ध्यान बार बार आकर्िात किया गया, किंतु कार्य में लापरवाही करते हुए विलंब किया जा रहा है। अतः मेरा संचार मंत्री महोदय से अनुरोध है कि नये भवनों में एक्सचेंज तुरंत चालू किया जाये। उनमें जो थोड़े बहुत उपकरणों का अभाव है, उनकी पूर्ति की जाये।